सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

राजस्थान हस्तशिल्प नीति 2022

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री, राजस्थान

संदेश

मझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि प्रदेश के हस्तशिल्प और हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से पहली बार ''राजस्थान की हस्तशिल्प नीति-2022'' का प्रकाशन किया जा रहा है।

राजस्थान के हस्तशिल्पियों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों की देश और दुनिया में विशेष पहचान है। शिल्पकारों को नया दिशाबोध कराने और दस्तकारों की नई पीढ़ी को परम्परागत हस्तशिल्प में पारंगत करने के साथ ही राजस्थान की दस्तकारी को देश-विदेश के हस्तशिल्प मानचित्र पर उभारने की दृष्टि से पहली बार हस्तशिल्प नीति लागू करना अपने आप में महत्वपूर्ण है।

आशा है प्रदेश की प्रथम हस्तशिल्प नीति राजस्थान की परम्परागत शिल्पकलाओं के विकास, प्रोत्साहन और हस्तशिल्पियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में प्रभावी सिद्ध होगी।

मैं प्रदेश के हस्तशिल्प और हस्तशिल्पियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ''प्रथम हस्तशिल्प नीति-2022'' के प्रकाशन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।

(अशोक गहलोत)
मुख्यमंत्री, राजस्थान

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

शकुन्तला रावत
उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता है कि शिल्पकला एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए राज्य की प्रथम ''राजस्थान हस्तशिल्प नीति, 2022'' जारी की जा रही है। यह नीति हस्तशिल्पियों के कल्याण के साथ-साथ कला उत्पादों के उन्नयन, प्रमाणीकरण एवं विपणन में भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। यह नीति राज्य की परम्परागत एवं विलुप्त हो रही हस्तशिल्प कलाओं को संरक्षण प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगी।

मैं आशा करती हूँ कि राजस्थान हस्तशिल्प नीति-2022 हस्तशिल्पियों के आर्थिक उत्थान, बेहतर विपणन एवं निर्यात में वृद्धि के साथ-साथ राज्य की लुप्त हो रही परम्परागत कलाओं को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

मैं इस नीति के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ।

सद्भावी,

(शकुन्तला रावत)
मंत्री, राजस्थान

विवरणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	परिचय	01
1.	दृष्टि (Vision)	04
2.	उद्देश्य	04
3.	अवधि	04
4.	राजस्थान हस्तशिल्प सप्ताह	04
5.	पुरस्कार एवं सम्मान	05
6.	राजस्थानी हस्तशिल्प की ब्रांड बिल्डिंग	05
7.	राजस्थानी हस्तकला प्रलेखन	05
8.	परम्परागत एवं विलुप्त होती शिल्प कलाओं को पुनर्जीवित करना	06
9.	शिल्पकलाओं का चिन्हिकरण एवं डाटा	06
10.	सामाजिक सुरक्षा	06
11.	बाजार विकास सहायता योजनाओं का सरलीकरण	06
12.	क्लस्टर्स/क्राफ्ट विलेज में आधारभूत सहायता व सुविधाएं	07
13.	कॉमन फेसेलिटी सेन्टर्स (CFC)	07
14.	हस्तशिल्प एवं पर्यटन में समन्वय	07
15.	वित्तीय प्रोत्साहन	08
16.	विक्रय केन्द्र स्थापित करने हेतु सहायता	08
17.	ई–मार्केटिंग तथा प्रचार–प्रसार हेतु सहायता	08
18.	संस्थागत संरचना	08
19.	ऋण की सुविधा	09
20.	निजी निवेश को विशेष प्रोत्साहन	09
21.	हैण्डीक्राफ्ट डिजाइन सेन्टर, जोधपुर	10
22.	हैण्डीक्राफ्ट पार्क	10
23.	हस्तशिल्प म्यूजियम	10
24.	आदर्श हस्तशिल्प केन्द्र	10
25.	पर्यावरण सहयोगी उत्पादों को प्रोत्साहन	11
26.	राज्य के कारागारों में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों के उत्पादों की मार्केटिंग	11
27.	हस्तशिल्प डिजाइन बैंक	11
28.	अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी	11
29.	सीएसआर (CSR) के माध्यम से हस्तशिल्प विकास	12
30.	राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी (Monitoring Committee)	12
31.	प्रशासनिक विभाग एवं क्रियान्वयन एजेन्सी	12

परिचय

हस्तशिल्प : राष्ट्रीय परिदृश्य

सभ्यता के आरंभिक काल से ही भारत में विभिन्न कलाओं का विकास हो गया था। भारत का प्रत्येक क्षेत्र अपने विशिष्ट हस्तशिल्प के लिए पहचान रखता है एवं यहाँ की अन्य सांस्कृतिक विरासत और सदियों से विकास कर रही सांस्कृतिक परम्पराओं में देशभर में निर्मित हस्तशिल्प की वस्तुओं की झलक दिखाई पड़ती है। लगभग 350 भारतीय ग्रंथों में काष्ठकारी, स्थापत्य कला, आभूषण कला, मूर्तिकला, चित्रकला, वस्त्रकला, नाट्य कला, संगीत कला एवं वैधक कला आदि का उल्लेख मिलता है।

भारत सदियों से विश्व में हस्तशिल्प का महत्त्वपूर्ण एवं सर्वोत्कृष्ट केन्द्र रहा है। यहाँ दैनिक जीवन की सामान्य वस्तुएँ भी कोमल कलात्मक रूप में गढ़ी जाती हैं। यह हस्तशिल्प भारतीय संस्कृति एवं यहाँ के हस्तशिल्पकारों की रचनात्मकता से परिचित करातें हैं। भारत का प्रत्येक क्षेत्र अपने विशिष्ट हस्तशिल्प के कारण जाने जाते हैं, उदाहरणार्थ कश्मीरी कढ़ाई वाली शॉलों, गलीचों, नामदार सिल्क तथा अखरोट की लकड़ी के बने फर्नीचर के लिए प्रसिद्ध हैं। राजस्थान बांधनी, कुन्दन मीनाकारी, हैण्ड ब्लॉक प्रिटिंग, आभूषण, वस्त्र, कीमती हीरे–जवाहरात एवं जड़ाऊ आभूषणों, ब्लू पॉटरी आदि हस्तकला के लिए प्रसिद्ध हैं। आंध्रप्रदेश अपने बीदरी के काम तथा पोचमपल्ली की सिल्क साड़ियों के लिए प्रख्यात है। तमिलनाडु ताम्र मूर्तियों एवं कांजीवरम साड़ियों के लिए जाना जाता है तो मैसूर रेशम और चंदन की लकड़ी की वस्तुओं के लिए तथा केरल नक्काशी व शीशम की लकड़ी के फर्नीचर के लिए प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश की चंदेरी और कोसा सिल्क, लखनऊ की चिकन, बनारस की किमखाब (ब्रोकेड) और जरी वाली सिल्क साड़ियाँ तथा असम का बेंत का उपस्कर, बांकुरा का टेराकोटा तथा बंगाल का हाथ से बुना हुआ कपड़ा, भारत के विशिष्ट पारम्परिक सजावटी दस्तकारी के उदाहरण हैं। ये कलाएँ हजारों सालों से पीढ़ी–दर–पीढ़ी पोषित होती रही हैं और हजारों हस्तशिल्पकारों को रोजगार प्रदान करती हैं। भारतीय शिल्पकार देश की शिल्पकला को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अतुलनीय पहचान दिला रहे हैं।

हस्तशिल्प :- राजस्थान

राज्य की शिल्प कला देश–विदेश में अपनी विशेष पहचान रखती है जिसमें हैण्ड ब्लॉक प्रिंटिंग, बन्धेज, टाई एण्ड डाई, दाबू प्रिन्ट, अजरक प्रिन्ट,तारकशी, कुन्दन मीनाकरी, टेराकोटा, थेवा कला, मूर्तियॉ,

कोटा डोरिया, जयपुरी रजाई, लाख शिल्प, उस्ता कला, मिनिएचर पेन्टिंग, ब्लू पॉटरी, क्ले आर्ट, हैण्डमेड पेपर, जयपुरी एवं जोधपुरी जूती, पेपरमेशी, स्टोन कार्विंग इत्यादि प्रमुख हैं। जिस प्रकार भारत के अनेक क्षेत्रों की कलाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं, उसी प्रकार राज्य की भी कुछ शिल्पकलाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं, जिसमें मुख्य रूप से औढ़णा, मैंण की छपाई, सांझीकला, माण्डणा, आराईश कला, फेटिया कला, ठीकरी कला इत्यादि प्रमुख है।

राजस्थान की प्रमुख हस्तशिल्प कलाएं– बंधेज, लहरिया, मोली का धागा (टाई एण्ड डाई), ब्लॉक प्रिटिंग, अजरक प्रिटिंग, मलीर प्रिंट, दाबू प्रिंट, आकोला प्रिंट, फेटिया प्रिंट, तबक प्रिंट, रोगंन प्रिंट, सांगानेरी प्रिंट, बगरू प्रिंट, गोटा पत्ती, जरदोजी कला, आरी–तारी, मुक्का क्राफ्ट, लाख शिल्पकला, कांच कशीदाकारी, मीनाकारी, सिल्वर आर्ट ज्वेलरी, कुंदन कला, थेवा कला, तौड़िया हस्तशिल्प, जैम स्टोन, मोलेला कला, मैण की छपाई कला, चर्म शिल्पकला, मूर्तिकला, टेराकोटा कला, रमकड़ा कला, कोफ्तगरी, काष्ठ कला, पेचवर्क कला, कशीदाकारी कला, कठपुतली कला, कावड़, कोटा डोरिया, दरी एवं कालीन, पट्टू बुनाई कला, नमदा, जाजम, जयपुरी रजाई, ब्लू पॉटरी, स्टोन कार्विंग, मिनियेचर पेंटिंग, भित्ती चित्र, रोगंन पेंटिंग, पिछवाई पेंटिंग, फड़ पेटिंग, उस्ता कला, मुनवत कला, हेण्डमेड पेपर, सांझी कला, मेटल आर्ट, ठठेरा, पटवा कार्य, जूतियां, जैम स्टोन कार्विंग, मार्बल कार्विंग, वुडकार्विंग, तारकशी, ग्लास हैण्डीक्राफ्ट, खिलौने, गुड़िया, पेपरमेशी, ठीकरी कला, आला गिला, पणा, आराईश, फ्रेस्कोबुनो कला, मथैरणा कला, माण्डणा कला, डेको पेज आर्ट, वीलकला, तोरण निर्माण, पातरे तिरपणी, सीड पेपर क्राफ्ट, इत्यादि।

राजस्थान में हस्तशिल्प के विकास की विपुल संभावना है। राज्य में हस्तशिल्प के लिए पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल यथा लकड़ी, मार्बल, लेदर, धातुएं इत्यादि उपलब्ध हैं साथ ही यहां के परम्परागत हस्तशिल्प ओर विकसित करने तथा विलुप्त होती हस्तकलाओं को पुनर्जीवित करने के लिए राज्य में मास्टर शिल्पकार, हस्तकला विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षण संस्थान हैं।

यह क्षेत्र स्थानीय लोगों को रोजगार ही नहीं प्रदान करता बल्कि इससे विदेशी मुद्रा भी राज्य को प्राप्त होती है। राज्य में लगभग 6 लाख हस्तशिल्पी हैं। राज्य से वर्ष 2020–21 में 6205.32 करोड़ रूपये के हस्तशिल्प के अतिरिक्त जैम्स एण्ड ज्वैलरी 4067.36 करोड़, टैक्सटाईल्स 5729.29 करोड़, रेडिमेड गारमेंटस 1764.40 करोड़, कारपेट/दरी 464.70 करोड़ का निर्यात हुआ है। राजस्थान से हस्तशिल्प के निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है। यहां यह उल्लेखनीय है कि **''वर्ल्ड क्राफ्ट काउन्सिल'' (WCC)** द्वारा वर्ष 2016 में जयपुर शहर को शहर की हवेलियों, झरोखों, गेट पर हस्तशिल्प कार्य, पेटिंग, भित्ती चित्र, विभिन्न प्रकार के किये जा रहे हस्तशिल्प कार्यों के कारण जयपुर शहर को **"वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी"** घोषित किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा शिल्पकला के विकास एवं हस्तशिल्पियों के उत्थान को ध्यान में रखते हुए प्रथम बार **"राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना–2019"** में "हैण्डीक्राफ्ट सेक्टर" को "**Thrust Sectors**" में सम्मिलित करते हुए अतिरिक्त परिलाभों हेतु पात्र माना गया है।

राज्य में हस्तशिल्प को विकसित करने, पुरानी एवं स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहित करने और उसमें रोजगार के अवसर सृजित करने की आवश्यकता है। शिल्पकला समाज के सहयोग से उन्नत होती है। जब शिल्पकला समाज में एक कलात्मक आवश्यकता के रूप में जगह बना लेती है तो उस कला के दस्तकार पीढ़ी दर पीढ़ी जुड़ते जाते हैं जिसके फलस्वरूप स्वरोजगार के साथ–साथ लघु एवं कुटीर उद्योगों का भी विकास होता है। राज्य की हस्तशिल्प कलाएं यहां के लोगों के अन्तर्मन में है जिन्हें उकेर कर जागृत करने की आवश्यकता के साथ हस्तशिल्प के क्षेत्र में नये रोजगार के अवसर सृजित करने की आवश्यकता है।

राजस्थान की विशेषता है कि यहां के भव्य किले, हवेलियां, महल, म्यूजियम, झीलें, अभ्यारण्य, उद्यान इत्यादि के साथ यहां की कला एवं सस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसी कारण यहाँ की कलाएं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सदियों से पहचान बनाये हुए हैं।

राजस्थान हस्तशिल्प नीति-2022

1. दृष्टि (Vision)

राज्य के हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों का उत्थान करते हुए इस क्षेत्र के दस्तकारों की राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कराना। हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों के लिए तकनीकी उन्नयन, विपणन सहयोग, वित्तीय सहायता, सामाजिक सुरक्षा तथा क्लस्टर्स/क्राफ्ट विलेज में आधारभूत सुविधाओं का विकास ताकि राज्य की परम्परागत शिल्प कलाओं के विकास के साथ–साथ रोजगार के अतिरिक्त अवसर सृजित हों।

2. उद्देश्य (Objectives)

- राज्य के हस्तशिल्पियों का आर्थिक उत्थान एवं विकास।
- राज्य के हस्तशिल्पियों के उत्पादों के लिए बेहतर मार्केटिंग की व्यवस्था करना।
- राज्य के हस्तशिल्पियों के उत्पादों को निर्यात योग्य बनाना एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना व निर्यात में राज्य की भागीदारी बढ़ाना।
- विलुप्त होती परम्परागत हस्त कलाओं को पुनर्जीवित करना।
- राज्य के हस्तशिल्पियों को सशक्त बनाते हुए उनकी राज्य के विकास में भागीदारी सुनिश्चित करना।
- हस्तशिल्प के क्षेत्र में आगामी 5 वर्षों में 50,000 नये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।

3. अवधि (Operative Period)

राजस्थान हस्तशिल्प नीति–2022 अधिसूचना की तिथि से 31 मार्च, 2026 तक प्रभाव में रहेगी।

प्रावधान (Provisions of the Policy)

4. राजस्थान हस्तशिल्प सप्ताह (Rajasthan Handicraft Week)

राज्य के हस्तशिल्पियों के उत्पादों की विपणन व्यवस्था, उनके उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने एवं अन्य राज्यों में तैयार शिल्प से गुणवत्ता में सुधार एवं उत्पादों को मार्केटेबल बनाने की दृष्टि से प्रत्येक वर्ष दिसम्बर माह में एक राष्ट्रीय स्तर का हस्तशिल्प सप्ताह का आयोजन राजस्थान हाट, जयपुर में किया जायेगा। इसमें राज्य की प्रमुख शिल्पकलाओं के साथ साथ देश के अन्य राज्यों की प्रमुख शिल्पकलाओं का प्रदर्शन, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार, क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कराया जायेगा। आयोजन के दौरान राज्य की कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए हस्तशिल्प सप्ताह में निम्न की व्यवस्था करायी जायेगी:–

- देश की प्रमुख शिल्पकलाओं का प्रदर्शन
- राज्य की प्रमुख लोक कलाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम
- राज्य के प्रमुख व्यंजनों का प्रदर्शन

5. पुरस्कार एवं सम्मान (Award & Reward)

हस्तशिल्प सप्ताह के अवसर पर निम्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की जायेगी:–

टेक्सटाईल, सेरेमिक व क्ले आर्ट, पेंटिंग, लेदर क्राफ्ट, आर्ट ज्वैलरी, मेटल एण्ड वुड, कारपेट/दरी/ नमदा आदि। इसके अतिरिक्त निम्न श्रेणियों में भी पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की जायेगी:–

- सर्वश्रेष्ठ युवा हस्तशिल्पी (35 वर्ष की आयु तक)
- सर्वश्रेष्ठ महिला हस्तशिल्पी
- विलुप्त होती परम्परागत हस्तकलाओं (Languishing crafts) में विशेष योगदान देने वाले दस्तकार
- हस्तशिल्प निर्यात क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले निर्यातक

पुरस्कार के चयन हेतु उच्च स्तरीय समिति गठित की जायेगी। समिति में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग व विभाग के संबंधित संस्थानों के अधिकारियों के अतिरिक्त तकनीकी हस्तशिल्प विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत दस्तकारों आदि को सम्मिलित किया जायेगा।

6. राजस्थानी हस्तशिल्प की ब्रांड बिल्डिंग

(I) राज्य के शिल्पकारों के उत्पादों की गुणवत्ता हेतु बार–कोड, टेगिंग, आई.एस. आई., जी.आई., हॉल मार्क आदि को प्रोत्साहन।

(II) राज्य के प्रत्येक जिले में ODOP (One Dristrict One Product) योजना के अन्तर्गत कम–से–कम एक हस्तशिल्प उत्पाद को चिह्नित कर प्रोत्साहित किया जायेगा। इसके लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जायेगी।

(III) राज्य स्तर पर ई–पोर्टल व मोबाईल एप का विकास।

(IV) हस्तशिल्प स्मृति चिन्ह– सरकारी कार्यक्रमों, पुरस्कारों, सम्मान समारोह में राजस्थान में बने हस्तशिल्प को स्मृति चिन्ह के रूप में दिये जाने का प्रावधान।

(V) ब्रांड ऐम्बेसेडर – राज्य के हस्तकलाओं एवं हैण्डलूम के उत्पादों का प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सेलेब्रेटी या इस क्षेत्र के प्रख्यात व्यक्तित्व की सेवाएं ब्रांड ऐम्बेसेडर के रूप में ली जाएंगी। इसके लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव, उद्योग, वाणिज्य एवं एमएसएमई की अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित की जायेगी।

(VI) हस्तशिल्पियों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से विभिन्न समारोह/आयोजनों में राज्य की हस्तकलाओं को प्रदर्शित करने के लिए वृत्तचित्र तैयार किया जायेगा।

7. राजस्थानी हस्तकला प्रलेखन

राज्य की प्रमुख हस्तकलाओं, हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पाद, चित्रकारी, छपाई कला, रंगाई कला, कढ़ाई कला, शिल्प कला के सिद्धान्तों/विधियों को सम्मिलित करते हुए विषय विशेषज्ञों के सहयोग से प्रलेखित कराये जायेंगे जिससे इस संबंध में जानकारी आमजन को सुलभ रूप से प्राप्त हो।

8. परम्परागत एवं विलुप्त होती शिल्प कलाओं को पुर्नजीवित करना

राज्य की प्रमुख हस्तशिल्प कलाओं को आम व्यक्ति से परिचय कराने, विलुप्त होती शिल्प कलाओं को पुनर्जीवित करने तथा रोजगार के नये अवसर सृजित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह राज्य स्तर/क्षेत्रीय स्तर तथा जिला स्तर पर राज्य के शिल्प पर आधारित सेमिनार/वर्कशॉप आयोजित करने की व्यवस्था कराई जायेगी।

राज्य की विलुप्त होती हस्तकलाओं (Languishing crafts) को चिन्हित कर प्रोत्साहित किया जायेगा एवं इनकी मार्केटिग व प्रचार प्रसार की उपयुक्त व्यवस्था की जायेगी। इन कलाओं में विशेष योगदान प्रदान करने वाले दस्तकारों/पंजीकृत संस्थानों को पुरस्कृत किया जायेगा।

9. शिल्पकलाओं का चिन्हिकरण एवं डाटा

(Identification and Documentation of Crafts)

राज्य की हस्तकलाओं को चिन्हित कर शिल्पकलाओं एवं हस्तशिल्पियों का सर्वे कर डाटा बेस तैयार किया जायेगा ताकि हस्तशिल्प नीति के प्रावधानों को बेहतर रूप से राज्य में क्रियान्वित की जा सके।

10. सामाजिक सुरक्षा (Social Security)

समूह बीमा

राज्य के दस्तकारों एवं हथकरघा बुनकरों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए 18 से 50 वर्ष की आयु के दस्तकारो एवं बुनकरों, हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्लस्टर्स के लिए 'समूह बीमा' की सुविधा प्रदान कराई जायेगी।

बुनकर प्रीमियम राशि का वहन

भारत सरकार द्वारा हथकरघा बुनकरों के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना संचालित है। इसके वार्षिक प्रीमियम के अन्तर्गत भारत सरकार एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के अंश के साथ–साथ बुनकर/कामगार को भी अपना अंश वहन करना होता है। इस अंश में राज्य सरकार द्वारा योगदान दिया जायेगा।

छात्रवृत्ति (Scholarship)

राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार प्राप्त दस्तकारों एवं बुनकरों के बच्चों को मान्यता प्राप्त हस्तशिल्प एवं हथकरघा संस्थान से हस्तशिल्प एवं टेक्सटाइल विषयों में डिग्री/डिप्लोमा/अल्पावधि कोर्स की शिक्षा हेतु "छात्रवृत्ति" प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा।

11. बाजार विकास सहायता योजनाओं का सरलीकरण

उद्योग विभाग द्वारा संचालित बाजार विकास सहायता योजना–2012 के तहत हस्तशिल्पियों को मेला, प्रदर्शनी में भाग लेने के पश्चात् स्टॉल रेन्ट का पुनर्भरण, लगेज भत्ता व दैनिक भत्ता देने की व्यवस्था की जाती है। इस पुनर्भरण की प्रक्रिया में दस्तकारों को समय पर राशि प्राप्त नहीं होती है। अतः योजना में संशोधन कराया जायेगा एवं दस्तकारों को आयोजन समाप्ति के दिवस पर भुगतान करने की

व्यवस्था कराई जायेगी। वर्चुअल मेला–प्रदर्शनी में भाग लेने वाले दस्तकारों को योजना का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

राज्य के पंजीकृत हस्तशिल्पियों को प्रदर्शनियों में सहभागिता पर निम्न सहायता राशि प्रदान कराई जायेगीः–

दैनिक भत्ता

1. ग्रामीण व शहरी हाट – 450 रू. प्रतिदिन
2. राज्य में अन्य स्थल – 450 रू. प्रतिदिन
3. राज्य के बाहर – 600 रू. प्रतिदिन

स्टॉल शुल्क

स्टॉल शुल्क का 50 प्रतिशत अधिकतम 5000 रूपये एवं वर्ष में कुल सहायता राशि 25000/– रूपये तक प्रदान कराई जायेगी।

यात्रा भत्ता

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हस्तशिल्पियों को डीलक्स बस या द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित रेल का वास्तविक किराये का भुगतान तथा अन्य पंजीकृत हस्तशिल्पियों को द्रुतगामी बस अथवा द्वितीय श्रेणी रेल का वास्तविक किराया राशि का भुगतान कराया जायेगा।

राज्य के निर्यातकों के लिए लागू **"अन्तर्राष्ट्रीय विदेशी व्यापार मेलों में भाग लेने हेतु सहायता योजना"** में वर्चुअल रूप से सहभागिता पर योजना का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

12. क्लस्टर्स/क्राफ्ट विलेज में आधारभूत सहायता व सुविधाएं

राज्य के क्लस्टर्स डवलपमेंट प्रोग्राम के तहत हस्तशिल्प एवं हथकरघा कलस्टर्स चिन्हित कर आधारभूत सुविधाओं का विकास, विपणन की व्यवस्था, उत्पादों का प्रचार–प्रसार एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिग की व्यवस्था करवाई जायेगी।

क्राफ्ट विलेज विकसित करने के उद्देश्य से शिल्पियों के क्षेत्रों को चिन्हित करवाया जायेगा एवं पर्याप्त संख्या में शिल्पियों के परिवार उपलब्ध होने पर क्षेत्र विशेष को **क्राफ्ट विलेज** के रूप में विकसित करवाया जायेगा।

13. कॉमन फेसिलिटी सेन्टर्स (CFC)

राज्य के दस्तकारों एवं बुनकरों के क्लस्टर्स के लिए सी.एफ.सी स्थापित करने हेतु रीको औद्योगिक क्षेत्रों में 5000 वर्ग मीटर तक के भूखण्ड 31 वर्ष की लीज़ पर रियायती दर पर उपलब्ध करवाये जायेंगे।

14. हस्तशिल्प एवं पर्यटन में समन्वय

राज्य के कई ग्रामीण क्षेत्र हस्तशिल्प में विशेष पहचान रखते हैं। यह दस्तकार पीढ़ियों से विशेष प्रकार के हस्तशिल्प में कार्य कर रहे है, ऐसे क्लस्टर्स/ क्राफ्ट विलेज का पर्यटन विभाग के साथ समन्वय कर पर्यटन, लोक कला एवं संस्कृति के साथ–साथ हस्तकलाओं को प्रोत्साहित करवाया जायेगा।

(I) राज्य के 14 जिलों में हस्तशिल्प उत्पादों के विपणन एवं प्रदर्शन हेतु ग्रामीण/ शहरी हाट का संचालन किया जा रहा है। अतः पर्यटन विभाग के पर्यटन साहित्य, वेबपोर्टल, सोशल मीडिया हैण्डल्स में इनकी जानकारी "हैण्डीक्राफ्ट सर्किट" के रूप में सम्मिलित की जाकर प्रचार–प्रचार किया जायेगा।

(II) हस्तशिल्प उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु राज्य में एवं राज्य के बाहर स्थित पर्यटक स्वागत केन्द्रों एवं पर्यटन सूचना केन्द्रों में पर्यटन विभाग द्वारा काउन्टर्स उपलब्ध कराये जायेंगे।

15. वित्तीय प्रोत्साहन

राज्य सरकार द्वारा हस्तशिल्प क्षेत्र के दस्तकारों को तीन लाख रुपये तक के ऋण पर शत–प्रतिशत ब्याज राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

16. विक्रय केन्द्र स्थापित करने हेतु सहायता

हथकरघा बुनकर सहकारी समिति, हस्तशिल्प समिति/संस्थान द्वारा नगरीय क्षेत्रों में उनके द्वारा उत्पादित हस्तशिल्प/हथकरघा उत्पादों को विक्रय करने हेतु स्थाई विक्रय केन्द्र स्थापित करने पर कुल लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम एक लाख रूपये जो भी कम हो, तक की सहायता राशि प्रदान कराई जायेगी।

17. ई-मार्केटिंग तथा प्रचार-प्रसार हेतु सहायता

(I) राज्य के दस्तकारों द्वारा उत्पादित हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग किया जायेगा। इसके लिए ई–प्लेटफार्म उपलब्ध कराने वाली विख्यात ई–कॉमर्स कंपनियों से समन्वय किया जाकर व्यवस्था की जायेगी।

(II) राज्य के दस्तकारों द्वारा उत्पादित उत्पादों के विपणन हेतु प्रमुख विपणन स्थलों, हेरीटेज होटलों एवं पर्यटन स्थलों पर क्षेत्र/शॉप्स/लीज पर स्थल लिये जाने में सहायता प्रदान की जायेगी।

(III) राज्य के पंजीकृत हस्तशिल्पियों के गुणवत्ता वाले उत्पादों की ई–बाजार के माध्यम से राजकीय विभागों द्वारा 10.00 लाख रुपये तक की खरीद बिना टेण्डर के करने की व्यवस्था की जायेगी।

(IV) हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों के प्रचार–प्रसार तथा ई–मार्केटिंग हेतु वेबसाईट/फेसबुक पेज बनाने पर हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्पी, बुनकर सहकारी समिति, हस्तशिल्प समिति/संस्थान को पच्चीस हजार रूपये तक की सहायता प्रावधित की जायेगी।

18. संस्थागत संरचना (Institutional Structure)

हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय

हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन **"हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय"** की स्थापना कराई जायेगी। इस निदेशालय में उद्योग एवं वाणिज्य सेवा के अधिकारियों के अतिरिक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन संस्थानों के अधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं ली जायेंगी।

संस्थागत विपणन (Institutional Marketing)

उद्योग विभाग के अधीन **"हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय"** राज्य के हस्तशिल्पियों एवं हथकरघा बुनकरों के उत्थान हेतु निम्न कार्य संपादित करायेगा :–

- राज्य के विक्रय व प्रदर्शन योग्य उत्पादों का व्यापक प्रचार–प्रसार डिजिटल, ई–प्लेटफार्म के माध्यम से किया जायेगा। इस हेतु ई–प्लेटफार्म उपलब्ध कराने वाली कम्पनियों से समन्वय।
- राज्य के हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों के विक्रय व प्रदर्शन हेतु एक वार्षिक कैलेण्डर जारी किया जायेगा, जिससे राज्य व देश–विदेश में लगने वाले मेले–प्रदर्शनियों की तिथियों में सामंजस्य हो।
- राज्य व देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर राज्य के उत्पादों के विक्रय की व्यवस्था व प्रदर्शन कराने में सहयोग।
- निर्यात से संबंधित कार्य करने वाले विभागों/संस्थानों/संगठनों से समन्वय कर राज्य के हस्तशिल्प एवं हथकरघा निर्यात को प्रोत्साहित किया जायेगा।
- राज्य व देश के विभिन्न विभागों, संगठनों एवं संस्थानों द्वारा क्रय करने वाले हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों के लिए राज्य के दस्तकारों से संबंधित उद्यमों को ई–पोर्टल से जोड़ना।
- राज्य के हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों के लिए वेण्डर डवलपमेन्ट प्रोग्राम, गुणवत्ता सुधार एवं मार्केट योग्य बनाने हेतु वर्कशॉप कराने की व्यवस्था ।
- देश–विदेश में लगने वाले प्रमुख मेलों/आयोजनों तथा अन्य राज्यों में स्थापित ग्रामीण एवं शहरी हाटों में होने वाले आयोजनों से शिल्पकारों को जोड़ने की व्यवस्था।
- राज्य सरकार व भारत सरकार की विपणन नीतियों की क्रियान्विति हेतु कार्य योजना।
- निदेशालय भारतीय शिल्प संस्थान (IICD), NIFT, NID, Kumarappa National Handmade Paper Institute, Jaipur एवं अन्य संबंधित संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु समन्वय।
- पैकेजिंग एवं लेबलिंग हेतु ईको फ्रेंडली उत्पादों की लगातार मांग को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री/वेस्ट मेटेरियल का उपयोग कराने, ईको फ्रेंडली पैकेजिंग, प्रशिक्षण संस्थानों के साथ समन्वय/उत्पादों की निर्माण विधि एवं "इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, मुम्बई" के साथ समन्वय।
- राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) के अन्तर्गत गठित सहायता समूहों की आर्टीजन महिलाओं के उत्पादों के विपणन हेतु ग्रामीण एवं शहरी हाट में स्थान उपलब्ध कराया जायेगा।

19. ऋण की सुविधा (Loan Facility)

प्राकृतिक संसाधनों, वेस्ट मेटेरियल एवं पर्यावरण सहयोगी उत्पादों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्राथमिकता के आधार पर युवाओं को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी।

20. निजी निवेश को विशेष प्रोत्साहन

राज्य में हस्तशिल्पियों के विकास एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र में हस्तशिल्प कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, हस्तकला की शिक्षा हेतु Design & Craft Center आदि की स्थापना के लिये निवेशकों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

21. हैण्डीक्राफ्ट डिजाइन सेन्टर, जोधपुर

राजस्थान के हस्तशिल्प का देश के निर्यात में प्रमुख योगदान है, जिसमें जोधपुर के हस्तशिल्प उत्पादों का विशेष योगदान है। राज्य में हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात में और वृद्धि करने एवं इस क्षेत्र में रोजगार के और नए अवसर सृजित करने, विश्व में बदलती हुई परिस्थितियों एवं मांग के अनुरूप हस्तशिल्प डिजाइन डवलपमेंट, स्किल डवलपमेंट एवं टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन के उद्देश्य से जोधपुर में हैण्डीक्राफ्ट फेडरेशन/एसोसियेशन/संघ, राज्य सरकार अथवा भारत सरकार की एजेंसी के माध्यम से एक **"हैण्डीक्राफ्ट डिजाइन सेन्टर"** स्थापित कराने की कार्यवाही की जायेगी। इसमें हस्तशिल्पियों एवं हस्तशिल्प इकाईयों के लिए कॉमन फेसिलिटी सेन्टर भी स्थापित किया जायेगा। यह सेन्टर अन्य राज्यों एवं विदेशों में अपनाई जा रही तकनीक एवं डिजाइनों का भी अध्ययन करेगा जिससे राज्य में भी उसी अनुरूप नई तकनीक के उत्पाद तैयार कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा सके। इस सेन्टर को हस्तशिल्पियों के लिए **उत्कृष्टता केन्द्र (Centre of Excellence)** के रूप में भी विकसित कराया जायेगा।

22. हैण्डीक्राफ्ट पार्क

परम्परागत हस्तकलाओं के विकास, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने एवं उत्पादों के विपणन की व्यवस्था हेतु उपयुक्त स्थान पर रीको द्वारा **हैण्डीक्राफ्ट पार्क** विकसित किये जाने की व्यवस्था की जायेगी।

23. हस्तशिल्प म्यूजियम

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के राजस्थान हाट, जलमहल, जयपुर में राज्य के प्रमुख हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने एवं आम जनता को राज्य की हस्तकला से परिचित कराने के उद्देश्य से एक राज्य स्तरीय **हस्तशिल्प म्यूजियम** स्थापित कराने की व्यवस्था की जायेगी। इस म्यूजियम में ऑडियो एवं वीडियो तथा फोटो/चित्रों सहित राज्य के प्रमुख हस्तशिल्पों के संबंध में सामान्य जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अतिरिक्त राज्य के अन्य 13 जिलों में स्थित शहरी एवं ग्रामीण हाटों यथा अजमेर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, नाथद्वारा (राजसमन्द), चित्तौड़गढ़, कोटा, सीकर, दौसा, भरतपुर एवं झुन्झुनू में भी **लघु हस्तशिल्प म्यूजियम** स्थापित किये जायेंगे।

24. आदर्श हस्तशिल्प केन्द्र (Model Handicraft Centre)

अन्तराष्ट्रीय स्तर की संस्था **"वर्ल्ड क्राफ्ट काउन्सिल" (WCC)** द्वारा जयपुर को **"वर्ल्ड क्राफ्ट सिटी"** घोषित किया गया है। जयपुर शहर में पर्यटकों तथा हस्तशिल्प विकास की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए **आदर्श हस्तशिल्प केन्द्र (Model Handicraft Centre)** स्थापित करने की नितान्त आवश्यकता है। अतः उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन राजस्थान हाट, जयपुर, जो परम्परागत राजस्थान शैली में बना हुआ आकर्षक स्थल है, इस स्थान को हस्तशिल्प एवं हथकरघा के उत्पादों के स्थाई विपणन केन्द्र, क्रेता विक्रेता सम्मेलन हेतु सुविधाओं का विस्तार करवाया जायेगा।

25. पर्यावरण सहयोगी उत्पादों को प्रोत्साहन (Promotion of Eco Crafts)

विश्व में नेचुरल डाई एवं नेचुरल पदार्थों द्वारा तैयार हस्तशिल्प की लगातार बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखते हुए राज्य में पर्यावरण सहयोगी उत्पादों को प्रोत्साहित करने, रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से हस्तशिल्पियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चें माल के उपयोग एवं कृषि अपशिष्ट, फूल पौधों एवं वनोपज से पर्यावरण सहयोगी उत्पाद तैयार करने हेतु प्रेरित किया जायेगा। इस हेतु राज्य में स्थापित संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्य को प्रोत्साहित किया जायेगा। पर्यावरण सहयोगी उत्पादों के विपणन हेतु ग्रामीण एवं शहरी हाटों में आयोजित किये जाने वाले मेला/प्रदर्शनियों में स्थान/स्टॉल्स आरक्षित किये जायेंगे।

26. राज्य के कारागारों में संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों के उत्पादों की मार्केटिंग

राज्य में महानिदेशालय, कारागार (जेल) द्वारा विभिन्न जिलों में स्थित कारागार में सज़ायाफ़्ता कैदियों के द्वारा हस्तशिल्प के उत्पादों का प्रशिक्षण एवं हस्तशिल्प उत्पाद तैयार करने की व्यवस्था है। केन्द्रीय कारागृह, जयपुर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, कोटा, श्रीगंगानगर एवं अलवर जिलों में हथकरघा एवं पावरलूम के द्वारा बुनाई कार्य तथा हस्तशिल्प के उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। उपरोक्त कारागारों (जेल) में संचालित उत्पादन/प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाजारों से परिचय कराते हुए मार्केटिंग की व्यवस्था करवायी जायेगी।

उद्यम प्रोत्साहन संस्थान, राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, राजस्थान राज्य हथकरघा विकास निगम, राजस्थान राज्य बुनकर सहकारी संघ, राजस्थान लघु उद्योग निगम एवं रूडा के माध्यम से इन उत्पादों को मेला प्रदर्शनियों में विक्रय कराने की व्यवस्था के लिए उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सहयोग एवं समन्वय प्रदान किया जायेगा।

27. हस्तशिल्प डिज़ाइन बैंक

राज्य के विभिन्न हस्तशिल्प समूहों एवं उत्पादनकर्ताओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मांग के अनुसार उत्पाद तैयार करने के उद्देश्य से राजस्थान हाट, जयपुर में "हस्तशिल्प डिजाइन बैंक" की स्थापना कराई जायेगी। इस डिजाइन बैंक में राज्य के सभी प्रमुख शिल्पों के डिजाइनों को संग्रह किया जाकर Electronic Form में रखने की व्यवस्था की जायेगी।

डिजाइन बैंक में राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मास्टर क्राफ्टमैन/ शिल्पगुरुओं द्वारा तैयार डिजाइन भी रखे जायेंगे। डिजाइन बैंक के माध्यम से कच्चे माल की उपलब्धता, तकनीक, संबंधित शिल्पकारों की जानकारी एवं स्थान की जानकारी भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराई जायेगी।

28. अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भागीदारी (Co-Operation and Collaboration)

राज्य के दस्तकारों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे बदलाव, अनुसंधान एवं मार्केट की जानकारी एवं अनुभव प्रदान कराने के उद्देश्य से India Trade Promotion Organisation (ITPO),

WCC (World Craft Council) एवं अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित किये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम एवं सेमिनार आदि में भाग दिलाने के लिए आयुक्त, उद्योग विभाग के माध्यम से समन्वय एवं सहयोग प्रदान करवाया जायेगा।

29. CSR के माध्यम से हस्तशिल्प विकास

भारतीय कम्पनी अधिनियम के सेक्शन 135 अनुसूची 7 जीएसआर 130 (E) एवं सीएसआर नियमों के अनुसार परम्परागत कला एवं हस्तशिल्प के प्रोत्साहन एवं विकास को सीएसआर के अन्तर्गत अनुमत गतिविधि माना गया है। अतः राज्य के हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों के उत्थान एवं विकास हेतु कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) की विभिन्न ईकाइयों के मध्य समन्वय का प्रयास किया जायेगा। हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों के विकास एवं सामूहिक उत्थान हेतु किये जाने वाले कार्य के लिए कार्यालय आयुक्त, उद्योग एवं कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) के अधीन गठित राजस्थान सीएसआर प्राधिकरण के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों से समन्वय, हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र के विकास में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

30. हस्तशिल्प नीति के प्रावधानों को समयबद्ध क्रियान्वयन करने के उद्देश्य से निम्न समिति गठित की जायेगी:-

राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी (Monitoring Committee)

1.	उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार	–	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त मुख्य/प्रमुख/शासन सचिव, उद्योग, वाणिज्य एवं एमएसएमई	–	सदस्य
3.	प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, वित्त विभाग	–	सदस्य
4.	प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, पर्यटन विभाग	–	सदस्य
5.	प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग	–	सदस्य
6.	प्रबन्ध निदेशक, राज. लघु उद्योग निगम	–	सदस्य
7.	निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग	–	सदस्य
8.	निदेशक, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग	–	सदस्य
9.	निदेशक, भारतीय शिल्प संस्थान	–	सदस्य
10.	राज्य सरकार द्वारा मनोनीत हस्तशिल्प क्षेत्र के विशेषज्ञ (तीन सदस्य)	–	सदस्य (3)
11.	आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग	–	सदस्य सचिव

आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य द्वारा उक्त समिति की बैठक आवश्यकतानुसार आयोजित कराई जायेगी।

31. प्रशासनिक विभाग एवं क्रियान्वयन एजेन्सी

हस्तशिल्प नीति को क्रियान्वित करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश, मार्गदर्शन आदि जारी करने के निर्णय लेने हेतु इसका प्रशासनिक विभाग उद्योग, वाणिज्य एवं एम.एस.एम.ई. विभाग होगा। राजस्थान हस्तशिल्प नीति की क्रियान्वयन एजेन्सी आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधीन प्रस्तावित हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय होगा।

Index

S. No.	Topic	Page No.
	Introduction	01
1.	Vision	03
2.	Objectives	03
3.	Operative Period	03
4.	Rajasthan Handicraft Week	03
5.	Awards and Reward	04
6.	Brand Building of Rajasthani Handicrafts	04
7.	Documentation of "Rajasthani Handicrafts"	05
8.	Revival of the Traditional and Languishing Arts &Crafts	05
9.	Identification of Handicrafts and their Data	05
10.	Social Security	05
11.	Simplification of the Schemes for Assistance in Market Development	06
12.	Infrastructure support and facilities in Clusters/Crafts Village	06
13.	Common Facility Centres	07
14.	Coordination between Handicrafts and Tourism	07
15.	Financial Assistance	07
16.	Assistance for setting up Marketing Centres	07
17.	Assistance for e- Marketing and Publicity &Promotion	07
18.	Institutional Structure	08
19.	Loan Facility	09
20.	Special Promotion of Private Investment	09
21.	Handicraft Design Centre, Jodhpur	09
22.	Handicraft Park	09
23.	Handicraft Museum	10
24.	Model Handicraft Centre	10
25.	Promotion of Eco-Friendly Crafts	10
26.	Marketing of Products of Training Centres established in State Prisons	10
27.	Handicraft Design Bank	11
28.	Participation in International Events	11
29.	Development of Handicrafts through CSR	11
30.	State Level Monitoring Committee	11
31.	Administrative Department and Implementation Agency	12

Introduction

Handicrafts: National Scenario

Since the beginning of civilization, various handicrafts have flourished in India. Every region of India enjoys an identity of its own due to its distinctive handicrafts; the cultural heritage of the country as well as the rich cultural traditions which have been growing here since centuries are amply reflected in its handicrafts. In about 350 Indian Texts, there are references of wood crafts, architecture, jewellery-making, sculpture, painting, fabrics, the art of drama, music and art of vaidhyak etc.

